हिन्दुस्तान

# गुड न्यूज: स्मार्ट सिटी रैंकिंग में सुधार, टॉप-10 में पहुंचा लखनऊ




लखनऊ ने स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में काफी सुधार किया है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत चल रहे कामों में तेजी आने की वजह से यह सुधार हुआ है। लखनऊ अब 16 वें स्थान से घटकर 9वीं रैंक पर आ गया है। इसी के साथ लखनऊ रैंकिंग में देश के टॉप 10 शहरों में शुमार हो गया है।

स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में पिछली बार लखनऊ को 16 वां स्थान मिला था। उस समय लखनऊ में स्मार्ट सिटी के काम काफी धीमे चल रहे थे। कई काम तो शुरू ही नहीं हुए थे। लेकिन अब स्मार्ट सिटी के कामों ने काफी रफ्तार पकड़ ली है। लखनऊ को यह स्थान देश के 100 शहरों में मिला है।

**इन मानकों पर परखा गया लखनऊ**

लखनऊ नगर निगम को स्मार्ट सिटी में ऐसे ही बेहतर रैंक नहीं मिली है। इसके लिए कई मानकों पर उसे रखा गया। नई परियोजनाओं का काम शुरू कराने, जिन परियोजनाओं का काम चल रहा था उनके पूर्ण होने तथा उनकी प्रगति और लक्ष्य के हिसाब से काम होने की स्थिति पर परखा गया।

**स्मार्ट रोड से लेकर आईटीएमएस तक अच्छा काम**

पिछले कुछ महीनों में लखनऊ स्मार्ट सिटी ने परियोजना से जुड़े कई कामों पर बेहतर काम किया। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम का काम पहले ही पूरा हो चुका था। स्मार्ट सिटी कार्यालय भी बन गया था। कमांड कंट्रोल सेंटर भी काम कर रहा है। कई विभागों की सेवाएं भी इससे जोड़ी जा रही हैं। स्मार्ट रोड बनाने का काम भी चल रहा है। पार्क भी बन रहे हैं। हेल्थ एटीएम भी स्थापित किए जा रहे हैं। सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए तमाम जगह नई लाइनें बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। नगर निगम ने बजट का भी यूटिलाइजेशन समय पर किया। जिसकी वजह से स्मार्ट सिटी की रैंकिंग में सुधार हुआ।